समीक्षा—अगर मौजूदा कुरान के पहाड़ पर रखने से वह चलने फिरने लगे तो यह सच्चा कुरान होगा। (ii) अगर इसके जमीन पर रखने से वह फट जावे तो यह सच्चा कुरान होगा। (iii) अगर इस कुरान को सुनाने या मुर्दे की छाती पर कस कर बांध देने से वह मुर्दा जिन्दा होकर बोलने लगे तभी यह सच्चा कुरान माना जावेगा।

पर इससे एक भी शर्त पूरी नहीं होती है अतः मौजूदा कुरान असली नहीं है। इस पर विश्वास करना गलती है। यदि यह असली होता तो एक भी मुसलमान दुनियां में नहीं मरना चाहिए था।

खुदा रक्षा को फौजें रखता है

"फिर अल्लाह ने अपने पैगम्बर और मुसलमानों पर अपना सब्र उतारा और ऐसी फौजें भेजीं जो तुमको दिखाई नहीं पड़ती थीं और काफिरों को बड़ी सख्त मार दी और काफिरों की यही सजा है।"

कु० पा० १० सू० तौबा रु० ४ आ० २६।

समीक्षा—खुदाबन्द अपनी हिफाजत के लिए फरिश्तों की फौजें भी रखते हैं काफिरों को (अपने दुश्मनों को) जब खुदा नहीं हरा पाते हैं तो फौजी डिवीजन भेजकर उनसे अपनी व अपने चेलों की जीत कराते हैं, इससे अरबी खुदा की ताकत का सभी अन्दाज लगा सकते हैं। इञ्जील में खुदा की घुड़सवार फौजों की संख्या २० करोड़ प्रकाशित वाक्य नाम के अध्याय में लिखी है। स्पष्ट है कि कुरान ने जो अरबी मुस्लिम खुदा को सर्व शक्तिमान (कादिरे मुतलक) लिखा है वह बिलकुल गलत है। वह जीत के लिए फरिश्तों की फौजों की मदद का मुहताज है।

अल्लाह मियाँ का दफ्तर

"हर गिरोह अपने (कर्म) लेखा के पास बुलाया जाएगा और जैसा काम तुम करते थे आज उसका बदला पाओ।२८। यह हमारा दफ्तर है जो तुम्हारे काम ठीक बतलाता है। जो कुछ तुम करते थे हम उसको लिखवाते जाते थे।

२९। कु पा० २५ सू जासियह रु० ४।

समीक्षा—अरबी मुस्लिम अल्लाह मियां के यहाँ भी तहसीलदारों की तरह दफ्तर है जिनमें कागजात रखे जाते हैं, यह बात खुद ही खुदा ने कही है। हमको सूचना मिली है कि मिस्टर शैतान बहादुर ने उस दफ्तर में आग लगाकर सारा रिकार्ड जलाकर भस्म कर दिया है। अतः किसी का भी कर्म लेखा अब मजबूरी में वहां नही है। कयामत का फैसला अब नहीं हो सकेगा और सभी खुदा जन्नती हूरों के मजे लूटने को बहिश्त में भेजेगा। लोग दोजख का डर निकाल दें और खुलकर मजे की जिन्दगी बितावें। दफ्तर जल जाने से खुदा जी की भी कयामत के दिन फैसला करने की भारी परेशानी दूर हो गई है।

कुरान में ओ३म्

कुरान में सूरते बकर की पहिली ही आयत में लिखा है

"शुरू अल्लाह के नाम के साथ जो निहायत दयावान मिहरबान है। अलिफलाम-मीम।"

इस आयत का अर्थ करते हुए कोई भी मुस्लिम तर्जुमाकार अलिफ लाम मीम का अर्थ नहीं करता है। इसमें अलिफ से अ का उच्चारण बनेगा। लाम अक्षर अरबी व्याकरण से वाउ अक्षर में बदल जाता है जैसे उल्दीन लिखने पर उद्दीन पढ़ा जाता है। इस तरह अ के साथ

वाउ मिलने पर 'ओ' बनेगा और अन्त में मीम से 'म' मिलाने पर 'ओम' बनेगा जो ईश्वर का वैदिक नाम है। तब आयत का सीधा अर्थ होगा "मैं कुरान लिखना शुरू करता हूं ओम नाम वाले निहायत दयावान मेहरबान अल्लाह के नाम के साथ।" ह० मोहम्मद साहब ने जब कुरान लिखना शुरू किया था तो सर्व प्रथम ओम् नाम से दयालु परमेश्वर का स्मरण किया था। इससे कुरान पर वैदिक ईश्वरीय नाम ओम् की छाप स्पष्ट है। मुस्लिम विद्वानों को यह बात मानने में शर्माना नहीं चाहिए।

खुदा को रोजों में विषय भोग जायज करना पड़ा

(मुसलमानो) "रोजों की रातों में अपनी बीबियों के पास तुम्हारा जाना जायज कर दिया गया है। वह तुम्हारी पोशाक है और तुम उनकी पोशाक हो। अल्लाह ने देखा तुम (चोरी-चोरी) उनके पास जाने से अपना (दीन) नुकसान करते थे, तो उसने तुम्हारा अपराध क्षमा कर दिया और तुम्हारे अपराध से दर गुजर की। बस अब रोजों में (रात के वक्त) उनके पास हम बिस्तर हो और जो नतीजा खुदा ने तुम्हारे लिए लिख रखा है उसकी इच्छा करो और खाओ पीओ ..... ।" कु पा० २ सू० बकर रु० २३ आ० १८७।

नोट— कु पा० २ सू बकर रु० २३ आ० १८७ में रोजों में संभोग करना खुदा ने मना किया।

समीक्षा—अरबी खुदा को जानकारी कम थी, यदि वह पहिले यह जानता होता कि उसके मना करने पर भी मियां लोग रोजों में बिना गड़बड़ किए न मानेंगे तो वह रोजों में सम्भोग न करने का कानून न बनाता। उसे यह बाद को तजुर्बा हुआ कि उसने पहिले भूल की थी और बाद को लोगों को विषय भोग करने की इजाजत देनी

पड़ी। अरबी खुदा मुसलमानों की विषय भोग की ख्वाहिशों का भी ध्यान रखता था, मुसलमान शायद इसीलिए पांच बार रोज नमाज पढ़के शुक्रिया अदा किया करते हैं। ठीक भी है अहसान खुदा का न भूलना चाहिए। हमारे ख्याल से कुरान के इस दावे की कि अरबी खुदा सब कुछ जानता है, इस आयत ने धज्जियां उड़ा दी हैं।

खुदा ने जमीन नहीं बनाई

कुरान में लिखा है कि " पहाड़ जमीन पर गाढ़ें ताकि तुम्हें लेकर किसी और तरफ झुकने न पावें।"

पा०१४ सू० नहल आ० १४।

'जमीन में पहाड़ों को गाढ़ दिया'

पा० ३० सू० नाजियात आ० ३२।

समीक्षा—खुदा ने यदि जमीन को बनाया होता तो उसे पता होता कि पहाड़ जमीन के अन्दर से ऊपर को उभर कर ऊँचे उठते। वे ऊपर से गाड़े नहीं जाते हैं जैसे खूँटा जमीन में ऊपर से ठोका जाता है। खुदा साहब ने यदि जमीन बनाई होती तो इतनी सी मामूली बात उसे अवश्य मालुम होती।

खुदा की दोजख, जमीन व आसमान से बातचीत

(खुदा ने कहा कयामत के दिन हम) "दोजख से पूँछेंगे कि तू भर चुका ? वह कहेगा क्या कुछ और भी है ?"

कु० पारा २६ सूरे काफ आ० २९।

(खुदा ने) जमीन और आसमान दोनों से कहा कि तुम दोनों खुशी से आए या लाचारी से ? दोनों ने कहा हम खुशी से आए।

११। कु०पा० २४ सू० हामीम सज्दह।

समीक्षा—खुदा का बेजान जमीन आसमान तथा दोजख से

सवाल करना और उनका जबाव देना यह बताता है कि खुदा सब कुछ नहीं जानता था। हर बात पूछ कर ही जान पाता था। यह आयतें अरबी खुदा पर अज्ञानी होने का दोष लगाती हैं। और यदि यह सही मानी जावें तो मूर्ति पूजकों का अपनी आराध्य, मूर्तियों से बातें करना भी सही क्यों न माना जावेगा? दूसरी बात यह है कि खुदा ने जमीन और आसमान से पूछा कि तुम खुशी से आए या लाचारी से और उनका उत्तर कि हम दोनों खुशी से आए, यह बताता है कि दुनियां बनने से पहिले ये दोनों कहीं तैयार रखे थे और खुदा के बुलाने पर चले आए थे। खुदा ने इनको नहीं बनाया था। यदि बनाया होता तो यह सवाल ही नहीं पूंछता। तब कुरान में अनेक जगहों पर खुदा का इनको बनाने का दावा करना सर्वथा गलत हो जाता है। ऐसी परस्पर विरोधी बेतुकी बातें करने वाला भी खुदा और ऐसी किताबें खुदाई कैसे मानी जा सकती हैं?

अरबी खुदा की बे इन्साफी

खुदा ने कहा "हमको जब किसी गांव को मार डालना मंजूर होता है तो हम उसके खुश हाल लोगों को हुक्म देते हैं। फिर जब वे उसमें बे हुक्मी करते हैं तब उन पर यह सजा साबित हो जाती है। फिर हम उस बस्ती को मार कर तबाह कर देते हैं"

कु०पा० १६ बनी इसराएल आ० १६

समीक्षा—खुशहाल लोगों को मारने के लिए भी अल्लाह मियां साहब को ओछे हथकन्डे अपनाने पड़ते हैं। क्या ऐसा खुदा इन्साफ पसन्द और दयालु माना जा सकता है। जो न मानने योग्य ऊँट-पटाँग आदेश देकर और उन्हें न मानने पर भले आदमियों की हत्या किया करता था? ऐसे अरबी खुदा से तो भारत के मुंसिफ लोग लाख गुने अच्छे हैं।

लूट के माल में खुदा का हिस्सा

"अल्लाह ने तुमको बहुत सी लूटों को देने का वायदा किया था, कि तुम उसे लोगे फिर यह (खैबर की लूट) तुमको जल्द दी···।२०। और दूसरा वायदा लूट का है जो तुम्हारे काबू में नहीं आया वह खुदा के हाथ में है।" २१। कु०पा० २६ सू० फतह।

'ऐ पैगम्बर ! तुमसे लूट के माल का हुक्म पूछते हैं, कह दो कि लूट का माल तो अल्लाह और पैगम्बर का है।" १।

"और जान रखो कि जो चीज तुम लूट कर लाओ उसका पांचवां भाग खुदा का और पैगम्बर का और फरिश्तों का अनाथों का और गरीबों का और मुसाफिरों का है।"

कु० सू० अनफाल आ० ४१।

समीक्षा—अरबी अल्लाह मियां मुसलमानों से गरीब की औरतें पैसा व वस्त्रों की लूट कराता है और उसमें अपना भी हिस्सा रखता है। लगता है अरबी खुदा बहुत ही जालिम तथा गरीब था जो लूटें कराकर अपनी गुजर करता था। पैगम्बर और उसके फरिश्तों को घर बैठे बिना महनत के लूट में हिस्सा दिलाता था। एक बात नहीं समझे कि लूट में जो औरत पकड़ कर लाई जाती होंगी उनका खुदा क्या करता था और कैसे इस्तेमाल करता था ? जो इन्सान या खुदा लूट करावे उसे कौन मूर्ख या भला आदमी शरीफ मानेगा ?

झूंठी कसमें खाने का खुदाई परमिट

(खुदा ने कहा ऐ मुसलमानो) "तुम लोगों के लिए खुदा ने तुम्हारी कस्मों को तोड़ डालने का हुक्म दे रखा है और अल्लाह ही तुम्हारा मददगार और हिकमत वाला है."

२। कु०पा० २८ सू० तहरीम।

समीक्षा—जब खुदा ही मुसलमानों को कस्मों को तोड़ डालने का हुक्म दे रहा है तो कोई भी भला आदमी किसी मुसलमान की कसम (वायदे) पर कैसे विश्वास कर सकता है। जो करेगा वह धोखा ही खावेगा क्योंकि मुसलमानों का अमल कुरान के अनुसार रहता है। आश्चर्य है कि अरबी खुदा मियाँ भी अपने चेलों को झूँठा धोखेबाज बनाता है बजाय इसके कि वह लोगों को ईमानदार बनना, कस्मों वायदों पर कायम रखना सिखाता।

खुदा के ज्ञान का नमूना

"आसमान की कसम जिसमें बुर्ज है।"

कु०पा० ३० सू० बुरुज आ०।

"जब आसमान फट जावेगा और परवर्दिगार की बात सुनेगा यह उसका फर्ज ही है।" सू० इन्शिकाक।

"जब जमीन तान दी जावेगी, और जो कुछ उसमें है बाहर डाल देगी और खाली हो जावेगी, और खुदा की बात सुनेगी, यह तो उसका फर्ज ही है।" कु० सू० इन्शिकाक आ०।

"जब सितारे झड़ पड़े" कु० सू० इन्फितार आ०।

"पहाड़ों को जमीन में गाढ़ दिया" कु० सू० नाजियात आ०।

'जब सूरज लपेट लिया जावे' 'जब आसमान की खाल खींची जाय' सू० तकवीर।

'जब सूरज चन्द्रमा जमा किए जायेंगे' सू० कयामत आ० ९।

'खुदा ने आसमान टटोला तो उसे सख्त चौकीदारों से भरा पाया।' सू० जिन्न आ० ८।

'खुदा ने तर ऊपर सात आसमान बनाए' सू० नूह आ० १५।

'जमीन और पहाड़ उठाए जायेंगे और एकदम तोड़ दिए जायेंगे।'

सू० हक्का आ० १४।

'छः दिन में जमीन और आसमान बनाकर तख्त पर जा बैठा।'

सू० हदीद आ० ४।

"हमने आसमानों को अपने हाथों के बल से बनाया···।"

सू० जारियात आ० ४७।

"आसमान बिना खम्बे के खड़े किए" सू० लुकमान आ० १०।

"आसमानों में ओलों के पहाड़ जमे हुए हैं।"

सू० नूर आ० ४३।

"आसमान जमीन पर गिरने से रुका है।" सू० हज्ज आ० ६५।

"आसमान जमीन पिंड सा था हमने (उसको) तोड़कर जमीन और आसमान को अलग-अलग कर दिया।"

कु० सू० अम्बिया आ० ३०।

'और ऐ पैगम्बर तुमसे पहाड़ों की बावत पूछते हैं, तो कहो कि मेरा परवर्दिगार इनको उड़ा देगा।१०५। और जमीन को चौरस कर छोड़ देगा।" १०६। कु०पा० १६ सू० ताहा।

"पहाड़ चलने लगेंगे।" कु०पा० ७ सू० नूर आ० १०।

'जब पहाड़ चलाए जायेंगे' जब तारे झड़ पड़े।"

कु०पा० ३० सू० तकवीर आ० २।३।

"कयामत के दिन पहाड़ बादल की तरह उड़ते फिरेंगे।"

फ० २० सू० नम्ल।

"उसी ने मनुष्य को पपड़ी की तरह बजती हुई मिट्टी से पैदा किया।" १४। कु० सू० रहमान।

"और सूरज के निकलने और डूबने की जगहों का मालिक।"

१७। सू० रहमान।

'इन आदम के बेटों को हमने लसदार मिट्टी से पैदा किया है।"

११। कु० सू० साफ्फात पा० २३।

"आसमान की कसम जिसमें बुर्ज है।"

पा० ३० सू० बुरुज आ० १।

"पहाड़ धुनी ऊन के मानिन्द हो जायेंगे।"

५। सू० कारियह पा० ३०।

"जिस दिन हम आसमान को इस तरह लपेटेंगे जैसे तूमार में कागज लपेटते हैं।" कु० सू० अम्बिया रु० ४ आ० १०४।

"अल्लाह वह है जिसने आसमानों को बिना किसी सहारे के ऊँचा खड़ा किया, फिर तख्त पर जा बैठा।"

कु०पा० १३ सू० राद आ० २।

'आसमान में दरवाजे भी हैं।" पा० १४ सू० हिज्र आ० १४।

"कुकर्मी लोगों के कर्म रोजनामचा और कैदियों के रजिस्टर में है ७। अच्छे लोगों के कर्मलेखा बड़े रुतवे वाले लोगों के रजिस्टर में हैं।१८। वह एक किताब है जिसकी खानापूरी होती रहती है।२०। फरिश्ते जो नजदीक हैं उस पर तैनात है।"

२१। कु०पा० ३० सू० ततफीफ।

समीक्षा—कुरान में से सैकड़ों बातों में से चन्द ऊपर दी ईग हैं उन्हीं को पढ़कर पाठक कुरान लेखक की शैक्षणिक योग्यता का अनुमान लगा सकते हैं। हम समझते हैं कि यह कुरान यदि खुदाई होता तो उसमें ऐसी बातें न लिखी गई होतीं जैसी ऊपर दी गई हैं। खुदा के यहां भी दफ्तर है। लोगों के कर्मलेखा उन दफ्तरों में रखे जाते हैं। फरिश्ते (नौकर) उनकी रक्षा को तैनात रहते हैं। आसमान में बुर्ज है, बर्फ के पहाड़ जमा हैं, आसमान में पहाड़ बनाकर फिर जमीन में ठोंक कर गाढ़े गए हैं। पहाड़ हवा में उड़ते फिरते तो आदमी, मकान, मस्जिद भी क्यों न उड़ेंगे। यदि कोई पहाड़ चलकर काबा में गिरता तो क्या होगा? पहाड़ चलना भी जानते हैं। इन्सान सूखी मिट्टी से खुदा ने बनाया था। मजेदार कल्पना है। मुस्लिम डाक्टरों को खोज करके पी. एच. डी. लेनी चाहिए। आसमान और जमीन भी खुदा से खुलकर बातचीत करेंगे तो बुत परस्तों की मूर्तियों का

भी उनसे बातें करना क्यों न सच मान लिया जावे ? शून्य आसमान का जमीन के साथ पिण्ड भी क्या बन सकता है ? जब जमीन व आसमान पहिले ही से मौजूद थे तो खुदा ने उनको बनाने का गलत दावा क्यों किया है ? उन्हें तो किसी और ने ही बनाया होगा। सूरज निकलने और डूबने की जगह कहां हैं, कोई बता सकता है ? सूरज और चांद किसी मौलवी के मकान में जमा किए जावेंगे या काबे की किसी मस्जिद में रखे जावेंगे ? है कोई सच्चा मुसलमान जो इनके जमा होने की कल्पना का स्थान बता सके ? कागज की तरह आसमान लपेटा जावेगा। ऐसी बातें जिस किताब कुरान में हैं उसे पढ़कर अक्ल रखने वाला मुस्लिम नौजवान यदि इस्लाम को त्यागता है तो दोष कुरान का है, किसी और का नहीं है।

गुन्डे पैदा करने का खुदा का उद्देश्य

"और इसी तरह हमने हर बस्ती में बड़े २ अपराधी पैदा किए ताकि वहां फिसाद पैदा करते रहें।"

कु॰पा॰ ८ सू॰ अनआम रु॰ १५ आ॰ १२३।

खुदा अगर सभी भले आदमी पैदा करता तो संसार सुखी रहता पर उसने जान बूझकर लूटमार गुण्डा गर्दी कत्ल व्यभिचार फैलाने के लिए बड़े २ बदमाश गुन्डे पैदा किए हैं ताकि वे गुण्डा गर्दी करके संसार में सुख शान्ति को भंग करते रहें। यदि गुण्डे वैसा न करेंगे तो खुदा उनको मार लगावेगा। कुरान ने 'ताकि' शब्द से स्पष्ट किया है कि गुन्डे गुन्डा गर्दी पैदा करने के लिए ही खुदा ने पैदा किए हैं। अब कोई बतावे कि गुण्डा गर्दी की जिम्मेवारी खुदा की है या गुन्डों की। जनाब यह अरबी खुदा है। इससे भी मजेदार बात यह है कि खुदा मियां एक जगह यह भी शेखी मारते हैं कि मैं फसाद नहीं पसन्द करता हूं। कुरान में लिखा है 'अल्लाह फसाद नहीं चाहता।' सू॰

बकर २०५। यह तो ऐसी ही बात हुई कि कोई थानेदार रात को चोरों से कहकर चोरी कराया करे और दिन में लोगों से कहता फिरे कि मैं चोरी पसन्द नहीं करता हूं। कुरान का अरबी खुदा भी ठीक ऐसा ही था।

इन्सान का दुश्मन अरबी खुदा

कुरान पा० १४ सू० नहल आ० १०८ "यही वह लोग हैं जिनके दिलों पर और जिनके कानों पर और जिनकी आंखों पर अल्लाह ने मुहर कर दी है और यही गाफिल हैं।"

"खुदा जिसे चाहता है सीधी राह दिखाता है।"

कु० सू० बकर आ० १४२।

"खुदा काफिरों को नसीहत नहीं दिया करता।"

कु० सू० बकर आ० २६४।

"इनमें ऐसे भी हैं जो तुम्हारी तरफ कान लगाते है, और उनके दिलों पर हमने परदे डाल दिए। इन कानों में बोझ है ताकि तुम्हारी बात न समझ सकें ..." सू० अनआम आ० २५।

"जो लोग हमारी आयतों को झुठलाते हैं, अंधेरे में गूंगे बहरे हैं, खुदा जिसे चाहे भटका दे और जिसे चाहे सीधे रास्ते पर लगा दे।"

सू० अनआम आ० ३९।

"अगर खुदा चहता तो वे शरीक न ठहराते, और हमने तुमको इन पर निगहबान नहीं किया और न तुम इन पर वकील हो।"

कु० सू० अनआम आ० १०७।

"उसी ने एक गिरोह को हिदायत दी और गिरोह को भटका दिया।" सू० आराफ आ० ३०।

"हम ही ने इनके दिलों पर परदे डाल दिए हैं ताकि सच बात न समझ सकें।" सू० कहफ आ० ५७।

"हम चाहते तो हर आदमी को उसको राह की सूझ देते, मगर हमारी बात पूरी होती है कि जिन्न और आदमी सबसे हम दोजख को भर देंगे।" सू० सज्दह आ० १४।

"फिर अगर हम तुझे (ऐ मुहम्मद) उठा लें तो भी हमको इन काफिरों से बदला लेना है।" कु० सू० जुखरुफ आ० ४१।

"जो शख्स खुदा की याद से बराता है हम उस पर एक शैतान मुकर्रर कर दिया करते हैं।३६। और शैतान पापियों को राह से रोकता है।" सू० जुखरुफ आ० ४।

समीक्षा—कुरान अरबी खुदा को बहुत ही बेइन्साफ तथा इन्सान का दुश्मन बताता है। जब खुदा अपने को दुनियां का पैदा करने वाला बताता है तो उसने सारे इन्सानों को एक जैसा भला क्यो नहीं पैदा किया है। क्यों गरीब ,अमीर, अन्धे, लूले-लंगड़े, बहरे-गूंगे, पैदा किए हैं? सभी को मुसलमान क्यों नहीं बनाया है। और जब वे लोग कुरान सुनना चाहते हैं तो उनके दिल दिमाग पर पर्दा क्यों डाल देता है ताकि लोग उसे न समझ सकें। और जब खुदा के ही हुक्म से वे मुशरिक या काफिर बने रहते हैं तो उन पर शैतानों को लगाकर उन्हें गुमराह क्यों करता रहता है। फिर जब खुदकी मर्जी से ही लोग काफिर रहते हैं तो फिर उन पर अपना गुस्सा क्यों उतारता है और उन्हें दोजख में झोंकने की धोंस क्यों देता है। खुदा ने कभी यह कसम क्यों खाई थी कि हम काफिरों और जिन्नों से दोजख को भर देंगे। फिर जब दोजख भरने के लिए ही उसने इन्सान को बनाया है और उसी के हुक्म से शैतान लोगों से बुरे काम कराता है तो फिर लोगों का दोष ही क्या रहता है? जो अरबी खुदा भूले भटकों को रास्ता नही बताता जिनको कि नसीहत की जरूरत होती हैं और उन सीधे रास्ते वालों को नसीहत देता है जिन्हें जरूरत नसी-

हत की नहीं होती है ऐसे ना समझ तथा इन्सान के दुश्मन को कौन अपना पिता मार्ग दर्शक या रक्षक मानेगा ? क्या ऐसा जालिम भी खुदा हो सकता है जो लोगों को बुरे रास्ते पर खुद ही डाले और फिर उन्हीं को दोजख में झोंकने की गाली भी देवे।

खुदा एक गलत परीक्षक

एक बार खुदा मियां ने आदम और अन्य फरिश्तों को परीक्षा का दिन नियत किया खुदा ने कहा है "और आदम को सब चीजों के नाम (पहिले ही से) बता दिए। फिर इन चीजों को फरिश्तों के सामने पेश करके कहा कि अगर तुम सच्चे हो तो हमको इन चीजों के नाम बताओ।३१। वे बोले तू पाक है जो तूने हमको बता दिया है, उसके सिवाय हमको कुछ मालूम नहीं....।३२। (तब खुदा ने हुक्म दिए कि ऐ आदम ! तुम फरिश्तों को इनके नाम बता दो।"

३३। कु० सू० बकर।

समीक्षा—परीक्षक को सदैव ईमानदार होना चाहिए। पर अरबी खुदा ईमानदार परीक्षक नहीं था। उसने पूछे जाने वाले सवालों के जबाव आदम को रटा दिए और फरिश्तों को नहीं बताए। आदम को परीक्षा में पास करके फरिश्तों को फेल कर दिया। क्या ऐसे बेइन्साफ अरबी खुदा से भी कोई इन्साफ की आशा कर सकता है।

कयामत का वक्त खुदा भी नहीं जानता था

(खुदा ने कहा) "कयामत आने वाली है, मैं उसके (समय) को छिपाता हूं ताकि हर आदमी डर से नेक काम करने की कोशिश करे।" कु०पा० १६ सू० ताहा आ० १५।

"लोगों के हिसाब का वक्त (कयामत) करीब आ लगा इस पर भी भूल में बे खबर हैं।" कु०पा० १७ सू० अम्बिया आ० १।

"और कहते हैं कि अगर तुम सच्चे हो तो यह (कयामत का) वायदा कब होगा ।७१। क्या आश्चर्य जिसकी तुम जल्दी मचा रहे हो, वह तुम्हारे पास आ लगी हो ।" ७२ कु०पा० सू० नम्ल ।

"और (लोग) कहते हैं कि अगर तुम सच्चे हो तो यह फैसला कब होगा ? २८। (ऐ पैगम्बर) जवाब दो कि जो लोग (दुनियां में) इन्कार करते रहे हैं फैसले के दिन उनका ईमान लाना उनके कुछ भी काम न आवेगा और न उनको मुहलत मिलेगी ।"

२९। कु०पा० २१ सू० सज्दह ।

"और (पूँछते हैं) अगर तुम सच्चे हो तो यह कयामत का वायदा कब पूरा होगा ।२९। कहो कि तुम्हारे साथ जिस दिन का वायदा है तुम न उससे एक घड़ी पीछे रह सकोगे और न आगे बढ़ सकोगे ।३०। कु०पा० २२ सू० सबा ।

"कयामत की घड़ी पास आ लगी और चांद फट गया ।"

१।। कु०पा० २७ सू० कमर।

"तुमसे कयामत के बारे में पूँछते हैं कि उसका वक्त कब है ।४२। तुम उसका वक्त बताने की चर्चा में कहां पड़े हो ।४३। (आखिरी) चाह तो तेरे परवर्दिगार को ही है ।४४। तू तो बस उसको डरा सकता है जो उससे डरे ।४५। कु०पा० ३० सू० नाजियात ।

समीक्षा—कयामत का भय मुहम्मद साहब ने लोगों को इस्लाम में लाने के लिए दिखाया था जब भी लोग उसका वक्त पूँछते थे तो उन्होंने उनको उल्टे-सीधे जबाव दिए थे। न तो ठीक समय का ज्ञान मुहम्मद साहब को था और न उनके अरबी मुस्लिम खुदा को था जो वह लोगों को सन्तोष जनक जबाव दे सकता । अन्त में उन्हें यह कहना ही पड़ा कि उसका वक्त तो खुदा ही जानता है । यदि कुरान खुदाई होता तो खुदा कयामत का वक्त जरूर बता देता। जैसा कि वेद ने

परमात्मा ने चार अरब बत्तीस करोड़ साल सृष्टि की आयु बतला दी हैं। इससे भी प्रगट है कि कुरान खुदाई किताब नहीं है।

बीबियाँ खेतियां हैं

"तुम्हारी बीबियां तुम्हारी खेतियां हैं। अपने खेत में जिस तरह चाहो जाओ, और अपने लिए आनन्द का भी बन्दोवस्त रखो। और अल्लाह से डरो और जाने रहो कि उसके सामने हाजिर होना है। ईमान वालों को खुश खबरी सुना दो।" सू॰ वकर आ० २२३।

समीक्षा—जिस प्रकार किसान अपने खेत में पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण चाहे जिस दिशा से घुस जाता है कुरान ने बीबियों को खेती बताकर उनसे चाहे जिधर से सम्भोग करने की स्वीकृति दे दी है तथा इस अप्राकृतिक व्यभिचार (मैथून) की आज्ञा को खुश खबरी बताकर लोगों को सुनाने का आदेश दिया है।

शाह अब्दुल कादिर ने अपने कुरान भाष्य में इस आयत पर हाशिया पर हदीस दी है जिससे स्पष्ट है कि एक साहब के अपनी बीबी से गुदा मैथुन कर लेने पर उसे जायज बनाने के लिए यह आयत उतारी या बना दी गई है ताकि गुदा मैथुन नाजायज न रहे। इस्लाम में यह कुप्रथा (इगलाम बाजी) अरब में चालू थी। इस आयत द्वारा उसे जायज बना दिया गया। कुरानी जन्नत में शायद गिलमे (लौंडे) भी इसीलिए मुसलमानों को दिए जावेंगे।

खुदा घेरा भी जा सकता है (छोटा सा है)

कुरान में लिखा है "और उस दिन तू देखेगा कि फरिश्ते अपने परवदिगार की खूबी बयान करते तख्त को आस पास घेरे हैं।"

कु॰पा० २४ सू० जुमर आ० ७५।

खुदा लामहदूद (अनन्त) नहीं रहा क्योंकि वह सीमित लम्बाई

चौड़ाई वाले तख्त पर बैठता है तथा फरिश्तों द्वारा उसे घेरा जा सकता है। जिसकी हद न हो उसे घेरा नहीं जा सकता है। इससे यह भी स्पष्ट हो गया कि आकाश और तख्त भी खुदा से बड़े हैं। यदि तख्त खुदा से छोटा होगा तो खुदा उस पर बैठ नहीं सकेगा। यदि खुदा ने तख्त बनाया था तो बनाने से पहिले खुद किस पर बैठता था। यदि तख्त खुदा के साथ हमेशा से है तो उम्र के हिसाब से तख्त खुदा के बराबर हो गया। यदि तख्त खुदा से भी पहिले से था तो खुदा से उम्र में बड़ा हो गया। यदि खुदा के भारी बोझ से थक कर फरिश्ते तख्त को पटक देवें तो खुदा कहां गिरेगा। यदि फरिश्ते आकाश में निराधार तख्त को लेकर खड़े हो सकते हैं तो तख्त भी खुदा की ताकत से बिना फरिश्तों के सहारे के क्यों नहीं रुका रह सकता है इत्यादि अनेक प्रश्न हैं जिनका कोई जवाब दिया ही नहीं जा सकता है।

ह० मौहम्मद की बीबियों की नामावली

इस्लामिक पुस्तकों में ह० मुहम्मद साहब को प्राय: लोग ब्रह्मचारी लिखते हैं। वह कितने संयमी थे इसका अनुमान आप उनकी पत्नियों की संख्या से लगा सकेंगे। उनके १२ निकाही पत्नियां निम्न प्रकार थीं—

(१) खदीजा पुत्री खल्वीद (२) सूदा पुत्री जमअ
(३) आयशा पुत्री अबूबकर (४) हफ्जा पुत्री खलीफा उमर
(५) जनीब पुत्री इबजीरा (६) उम्म सलमा (ह० की चचेरी बहिन)
(७) जैनब (ह० के मुतबन्ना बेटे की बीबी)
(८) जौरिया पुत्री उलहारिस
(९) उम्म हबीबा पत्नी अब्दुल्ला बिन अहश
(१०) सफिया पुत्री अखसब यहूदी (११) मैमुना पुत्री उलहरास
(१२) रहोना पुत्री जदीद।

इन निकाही एक दर्जन बीबियों के अलावा बिना निकाही लौंडियां उनके पास कितनी रहती थीं उनकी ठीक सूची हमको नहीं मिल सकी है, किन्तु वे भी अनेक थीं। कुरान पा० १८ सू० मोमिनून आ० ६ से स्पष्ट है कि अपनी बीवियों और बांदियों से वे रोक टोक विषय भोग करने में कुरान को ऐतराज नहीं है। कुरान में चार शादियों को भी विवाहों की अन्तिम सीमा नहीं माना है, जितनी चाहो शादियाँ कर सकते हो और जितनी चाहे बांदियां (रखेलें) रख सकते हो। हजरत का जीवन भी कुरान के अनुसार ही था और वैसा ही उनका ब्रह्मचर्य था।

पैगम्बर लूत का पुत्री गमन

कुरान की मान्य खुदाई किताब तौरात में लूत के अपनी बेटियों से व्यभिचार की कथा दी है जिसकी निन्दा किसी भी खुदाई किताब में नहीं की गई है। कथा निम्न प्रकार है—

"(३०) और लूत ने सोअर को छोड़ दिया और पहाड़ पर अपनी दोनों बेटियों समेत रहने लगा। क्योंकि सोअर में रहने से डरता था। इसलिए वह और उसकी दोनों बेटियां वहां एक गुफा में रहने लगे।३१। तब बड़ी बेटी ने छोटी से कहा हमारा पिता बूढ़ा है, और पृथ्वी भर में कोई ऐसा पुरुष नहीं है जो संसार की रीति के अनुसार हमारे पास आए ३२। सो अब हम अपने पिता को दाख-मधु (शराब) पिलाकर उसके साथ सोयें, जिससे कि हम अपने पिता के वंश को बचाए रखें।३३। सो उन्होंने उसी दिन रात के समय अपने पिता को दाख-मधु पिलाया, तब बड़ी बेटी जाकर अपने पिता के पास लेट गई, पर उसने न जाना कि वह कब लेटी और कब उठ गई।३४। और ऐसा हुआ कि दूसरे दिन बड़ी ने छोटी से कहा कि देख कल रात तो मैं अपने पिता के पास सोई सो आज भी रात को

हमें उसको दाख-मधु पिलायें तब तू जाकर उसके साथ सोना कि हम अपने पिता के द्वारा वंश उत्पन्न करें ।३५। सो उन्होंने उस दिन भी रात के समय अपने पिता को दाख-मधु पिलाया और छोटी बेटी उसके पास जाकर लेट गई। पर न उसको उसके भी सोने उठने के समय का ज्ञान था ।३६। इस प्रकार से लूत की दोनों बेटियाँ अपने पिता से गर्भवती हुयीं। (तौरात उत्पत्ति १९।३०)

इस कथा को तौरात में देने से क्या यह स्पष्ट नहीं है कि इसके मानने वालों से बाप बेटी के व्यभिचार को पाप नहीं माना जाता है। यदि पाप माना जाता तो कुरान में इसकी निन्दा अवश्य की जाती जो नहीं की गई है तौरात, जबूर, इञ्जील और कुरान मुसलमानों को कुरान में खुदाई किताबों के रूप में सर्वथा मान्य है।

नोट—बाइबिल में कुरैन्थियो ६ में बाप बेटी के व्यभिचार व विवाह को उचित माना है।

ह० मौहम्मद की बीबियों पर बदकारी का खुदाई लाँछन

(अरबी खुदा ने कहा) "ऐ पैगम्बर की बीबियो ! तुममें से कोई जाहिरा बदकारी करेगी उसके लिए दोहरी सजा दी जाएगी। और अल्लाह के नजदीक यह मामूली बात है।"

कुरान पा० २२ सू० अहजाव रु० ४ अ० ३०।

समीक्षा—इस आयत ऐसा लगता है कि पैगम्बर की बीबियां बदकार (बद चलन) हो गई होंगी और पैगम्बर साहब से उनकी डाई रहती होगी। आपस में नहीं पटती होगी। तभी पैगम्बर के दोस्त अरबी खुदा को बीबियों को डांटना पड़ा था कि वे जाहिरा बदकारी छोड़ दें वरना खुदा उनको दण्ड देगा। 'मौहम्मद साहब की भी

बीबियां १२ तो निकाही ही थीं, उनके अलावा बिना निकाही वे लौंडियां भी अनेक थीं। हमारे विचार से कुरान की यह आयत उनके गौरव पर धब्बा लगाती है और बताती है कि वे अपनी औरतों को समान रूप से हर तरह से खुशी नहीं रख पाते थे परिणामतः वे बदकार बन गई थीं। अरबी खुदा भी ह० मुहम्मद साहब के परिवार में एक मैनेजर के रूप में परिवार व बीबियों के झगड़ों का प्रबन्धक बना रहता था। यह काम खुदा से ज्यादा अच्छी तरह कोई और नही कर सकता था। सच्चा दोस्त वही होता है जो वक्त पर अपने दोस्त के काम आवे।

कयामत का फैसला खुदा किताबें देखकर करेगा

(कयामत के दिन) जमीन अपने परवर्दिगार के नूर से चमक उठेगी और किताबें रख दी जावेंगी और उनमें पैगम्बर गवाह हाजिर किए जायेंगे और उनमें इन्साफ के साथ फैसला कर दिया जाएगा और उन पर जुल्म न होगा।" ६९। कु पा० २४ सू० जुमर रु० ७।

समीक्षा—खुदा की कचहरी हमारे तहसीलदार की अदालत की तरह होगी। फौजदारी व दीवानी की किताबें देखकर फैसले होगे। सरकारी गवाह के रूप में पैगम्बर लोग शहादतें देंगे। यदि किताबें खो जावें तो फैसले धूल में मिल जावेंगे। बेचारा खुदा भी किताबों का मुहताज होगा। कानून सभी को याद नहीं होते हैं, खुदा को भी याद नहीं होंगे इसमें खुदा का भी ज्यादा दोष नहीं होगा।

अरबी खुदा के सिर्फ दो हाथ हैं

"खुदा के दोनों हाथ फैले हुए हैं, जिस तरह चाहता है खर्च करता है।" कु० पा० २ सू० मायदा रु० ९ आ० ६४।

समीक्षा—इन्सान की तरह ही खुदा मियाँ के भी सिर्फ दो ही हाथ हैं। उसने उनसे पूरी ताकत लगाकर आसमान को बनाया था ऐसा उसका दावा है। जब कि आसमान बिना बना हुआ शून्य स्थान है जिसमें कुछ भी नही बना है। आसमान हाथों से बनाना भी खुदाई गल्प रही है। खुदा ने कुरान सूरते बकर रु० १४ आ० ११७ में दावा किया है "(खुदा) जब किसी काम का करना ठान लेता है तो बस उसके लिए फरमा देता है कि 'हो' और वह हो जाता है।"

स्पष्ट है कि खुदा दुनियाँ बनाते वक्त 'हो' कहकर बनाने का नुस्खा भूल गया था वरना उसे अपने दोनों हाथों से ८ दिन तक कड़ी महनत न करनी पड़ती।

खुदा से भी बडी चीजें

"कोई खुदा के बराबर नहीं है।"

कु०पा० ३० सू० इखलास आ० ४।

समीक्षा—यह शायद ठीक हो कि अरबी खुदा के बराबर कोई दूसरी चीज न हो। पर दो चीजें खुदा से जरूर बड़ी हैं। इसे कोई काट नहीं सकता है। एक तो आसमान खुदा से बड़ा है क्योंकि खुदा और उसका तख्त आसमान में थोड़ी सी जगह में रहते हैं। दूसरे वह अर्श (तख्त) भी खुदा से बड़ा होना चाहिए तभी खुदा उस पर बैठ सकेगा वरना खुदा का शरीर इधर उधर लटकता रहेगा। तीसरी बात यह भी ठीक ही है कि तख्त खुदा की उम्र के बराबर होगा। अगर खुदा से पहिले का होगा तो उम्र में खुदा से बड़ा साबित हो जावेगा। आसमान भी उससे पहिले का होगा, वरना उसके पैदा होने से पहिले खुदा कहां रहता था? यदि तख्त बाद को बना था तो उसके बनने तक खुदा आराम किस पर बैठ या लेटकर करता था,

यह प्रश्न पैदा हो जावेंगे ? मौलवी लोग इन सवालों का जबाव देवें।

खुदा क्या २ लिखता

"हम मुसलमानों के नाम लिख लेते हैं।"

कु०पा० ६ सू० आराफ आ० १५६ रु० १६।

"खुदा लोगों की बकवाद को लिख लेता है।"

कु०पा० ४ सू० आल इमरान आ० १८१।

"जैसी जैसी सलाह रात को करते है खुदा लिखता जाता है।"

सू० निसा आ० ८१ रु० ११।

"जो कुछ यह बकता है हम लिख लेते हैं।"

७६। कु०पा० १६ रु० ५ सू० मरियम।

"हम मुर्दों को जिलाते हैं और जो आगे भेज चुके हैं उसकी निशानी हम लिख रहे हैं और हमने हर चीज खुली किताब में लिख ली है।" कु०पा० २२ सू० यासीन आ० १२।।

"यह बड़ी कद्र का कुरान है और छिपी किताबों में लिखा हुआ है।" ७८। कु० सू० वाकिया।

"कुकर्मी लोगों के कर्म रोजनामचा और कैदियों के रजिस्टर में हैं। तू क्या समझे कैदियों का रजिस्टर क्या चीज है। वह किताब है जिसकी खानापूरी होती रहती है।७।८।६। अच्छे लोगों का कर्मलेखा बड़े रुतवे वाले लोगों के रजिस्टर में है जिसकी खानापूरी होती रहती है।१८।१६।२०। कु०पा० ३० सू० ततफीफ।।

समीक्षा—अरबी अल्लाह मियां ने एक असली कुरान अपने पास लिखकर रख लिया है और मौजूदा कुरान उसी में से सरल करके उतारा गया है। वह हर आदमी के भले बुरे कर्म रोजाना रजिस्टरों

में लिखना रहता है ताकि फैसले के दिन उससे भूल न हो जावे। आखिर इतनी बड़ी दुनियां की हर बात को बेचारा कहां तक याद रख सकता है। जो मौलाना अपने खुदा को सब कुछ जानने वाला बताते हैं वह भूल करते हैं।

खुदा सिर्फ चेलो को ही याद करेगा

(खुदा ने कहा) "तो तुम मेरी याद में लगे रहो कि मैं तुम्हें याद करूँगा और मेरा अहसान मानते रहो....।"

कु०पा० २ सू० बकर रु० १८ आ० १५२॥

समीक्षा खुदा सबको याद नहीं करेगा, सिर्फ अपने चेलों को ही याद किया करेगा वह भी जब जरूरत होगी तब। वरना उनको भी भूल जावेगा। शायद याद भी उसे उनके नामों को अपना रजिस्टर देखकर आवेगी अरबी खुदा सिर्फ अपने मुस्लिम चेलों का ही खुदा था, सारी दुनियां के लोगों से उसे मतलब नहीं था।

अपनी पूजा का भूंखा अल्लाह मियां

"और मैंने जिन्नों और आदमियों को इसी मतलब से पैदा किया है कि हमारी पूजा करें।५६। और मैं उनसे रोजी नहीं चाहता और न यह चाहता हूं कि मुझे खाना खिलावें"

५७। कु०पा० २७ सू० जारियात रु० ३॥

समीक्षा—खुदा का यह दावा झूंठा है। यदि सच्चा होता तो काफिरों, नास्तिकों, पागलों, बे-अक्लों को खुदा पैदा ही न करता जो खुदा की कभी पूजा नहीं करते है। खुदा को अपनी पूजा का इतना शौक था कि दुनियां बनाने का बखेड़ा केवल अपनी पूजा कराने के लिए पैदा कर बैठा। किसी को शराब का शौक होता है, किसी को अपनी खुशामद कराने में मजा आता है तो अरबी खुदा को अपनी पूजा

कराने का ही शौक था, चाहे लोग उसे रोटी खिलायें या नहीं इसकी उसे कोई परवाह नहीं है।

खुदा ने औरतें क्यों पैदा की हैं

"और उसके चमत्कारों में से एक यह है कि उसने तुम्हारे लिए तुम्हारे बीच औरतें पैदा कीं कि तुमको उनके पास चैन मिले और तुममें प्यार और प्रेम पैदा किया। इस मामले में समझ वालों के लिए चमत्कार है।" २१ कु०पा० २१ सू० रुम रु० ३।

समीक्षा—नर और मादा के रूप में सारी सृष्टि बनी है। पशु-पक्षी कीड़े मकोड़े मच्छर वृक्ष वनस्पति आदि सभी में दोनों प्रकार की सृष्टि है जिससे नए बीज का निर्माण होकर सम्पूर्ण सृष्टि का क्रम चालू रहता है। केवल मनुष्य जाति में ही नारी की उत्पत्ति नहीं है। अरबी खुदा को इस सृष्टि क्रम का भी पता नहीं था, वरना केवल मर्दों की अय्याशी के ही उद्देश्य से औरतों की पैदायश की बात न लिखता।

लोगों को खुदा ने क्यों गुमराह किया है

(खुदा ने कहा) "हम चाहते तो हर आदमी को उसकी राह की सूझ देते, मगर हमारी बात पूरी होती है कि जिन्न और आदमी सबसे हम नरक को भर देंगे।" कु०पा० २१ सू० सज्दह आ० १३।

समीक्षा—खुदा ने सू० जारियात आ० ५७ में कहा है कि हमने इन्सान और जिन्नों को अपनी पूजा कराने के वास्ते पैदा किया है, पर यहां वह कहता है कि हमने दोनों को केवल इस लिए पैदा किया है ताकि हम उनसे दोजख को भर सकें। दोनों परस्पर विरोधी हैं। पता नहीं अरबी खुदा को दोजख में प्राणियों को भूनने में क्यों मजा आता है, उनकी खुशहाली से वह क्यों जलता है। यदि दोजख खाली

पड़ी रहे तो खुदा की शान में क्या बट्टा आ जावेगा। अपनी इसी गलत कसम को पूरी करने के लिए ही उसने लोगों को गुमराह किया है, दोष इन्सान का नहीं है, खुदा ही दोषी व मुजरिम है।

मियां किसी मियाँ को न मारे गैरों को मारे

"किसी ईमान वाले को जायज नहीं कि ईमान वाले को मार डाले।९१। जो मुसलमान को जान बूझ कर मार डाले तो उसकी सजा दोजख है।" ९२। सू० निसा।

समीक्षा—अरबी खुदा कोई कठमुल्ला मुसलमान था और घोर तास्सुबी भी था गैर मुसलमानों को कत्ल कराने में खुश होता था और उसके लिए मुसलमानों को उकसाता था। क्या ऐसे गलत बे-इन्साफ खुदा को कोई भला आदमी दुनियां का परवर्दिगार साबित कर सकेगा जो मुसलमानों के हाथ बिका हुआ था? कुरान की यह आयत दुनियां में अत्याचार फैलाने वाली है।

पाक होने का विचित्र इस्लामी तरीका

"हां रास्ता चले जा रहे हो और अगर तुम बीमार हो या मुसाफिर या तुममें से कोई पाखाने से आवे या स्त्री प्रसंग करके आया हो और तुमको पानी न मिल सके तो पाक मिट्टी लेकर मुँह और हाथ पर मल लो। अल्लाह माफ करने वाला बख्शने वाला है।"

४३। सू० निसा। व मायदा आ० ६।

समीक्षा—क्या इसी तरह यदि मुँह व हाथ गन्दे हों और पानी न मिले तो मर्द औरतें जो मुसलमान हों वे अपनी मूत्रेन्द्रियों और गुदेन्द्रियों पर धीरे २ हाथ फेर लिया करें तो उनके मुँह पवित्र हो जावेंगे? गुदा व मूत्रेन्द्रियों की गन्दगी मुँह पर मिट्टी मलने से कैसे मिटेगी, कोई पढ़ा लिखा मुल्लाह इसे खुलासा करे। यह तो गन्दे अंगों की सफाई से ही मिटेगी जब भी पानी मिले।

खुदा ने मदद मांगी

कुरान में खुदा ने जोरदार शब्दों में पुकार कर मांग की है कि –

"और जो अल्लाह की मदद करेगा अल्लाह अवश्य उसकी मदद करेगा। अल्लाह जबर्दस्त शक्तिशाली है।"

कु०पा० १७ सू० हज्ज आ० ४० रु० ५।

समीक्षा—मुसीबत सभी पर आ सकती है और उस वक्त मुसीबतजदा की मदद जरूर करनी चाहिए। मुस्लिम देशों को अपनी फौजों से तथा मुसलमानों को अपने धन से खुदा की मदद करनी चाहिए। बदले में कभी खुदा भी उनकी मदद जरूर करेगा, ऐसा उसने वायदा कर दिया है। यदि खुदा हमसे मांग करे तो आर्य समाज उसकी मदद को तैयार मिलेगी, पर उसे पहिले यज्ञ पर बैठ कर आर्य समाजी बनना पड़ेगा, यह शर्त होगी।

कुरान में जन्नत व दोजख का वर्णन

खुदाई धोखा

खुदा ने कहा "जब तक आसमान और जमीन (कायम) हैं वे हमेशा उसी में रहेंगे।" कु० सूरे हूद आ० १०७।

"(कयामत के दिन) हम आसमान को इस तरह लपेटेंगे जैसे तूमार में कागज लपेटते हैं।" कु० सू० अम्बिया १०४।

(कयामत के दिन) आसमान की खाल खींची जावेगी।"

कु० सू० तकवीर आ० ११।

"आसमान लपेटे हुए उसके दाहिने हाथ में होंगे।"

६७। कु० सू० जुमर।

"और जब जमीन तान दी जावेगी।३। और जो कुछ उसमें है उसे बाहर डाल देगी और खाली हो जावेगी।४। और अपने परवदिगार की बात सुनेगी....।" ५ कु० सू० इन्शिकाक।

समीक्षा—ऊपर की खुदा की बातों से स्पष्ट है कि कयामत के दिन आसमान कागज की तरह खुदा अपने हाथ में लपेट लेगा और जमीन का जर्रा अलग २ हो जावेगा अर्थात् जमीन नाम की कोई चीज बाकी न रहेगी अर्थात् आसमान व जमीन खत्म हो जावेंगे। कुरान में लिखा है कि दोजख व जन्नत में लोग कयामत को हमेशा के लिए भेजे जावेंगे। इधर खुदा कहता है कि जमीन आसमान कयामत के दिन खत्म हो जावेंगे तो स्पष्ट है कि कोई भी आदमी जन्नत दोजख में जा ही नहीं सकेगा। लोगों के दुःख सुख भोगने की म्याद जमीन आसमान के खात्मे के साथ कयामत के दिन ही खत्म हो जावेगी। तब सारे कुरान में जन्नत दोजख का प्रलोभन व भय दिखा कर ना समझ मुसलमानों को अरबी खुदा ने उनको इस्लाम में लाने के लिए हथकन्डे के रूप में पेश करके कोरा धोखा दिया है। इस प्रकार का वर्णन कुरान के गौरव को नष्ट करता है। शून्य आसमान का लपेटना व जमीन का खाली होना बताना साबित करता है कि कुरान का लेखक पढ़ा लिखा नहीं था।

मुसलमानों में ७३ में ७२ फिरके दोजखी हैं

हजरत मोहम्मद साहब ने कहा था "मेरी उम्मत के ७३ फिरके होंगे जिनमें एक जन्नती होगा। और ७२ दोजख में जावेंगे।"

(मिश्कात किताबुल ईमान जि० १ हदीस १६३)

समीक्षा तिहत्तर में से बहत्तर मुसलमान दोजख में जावेंगे तब कोई भी मुसलमान जन्नत में जाने का पक्की बात नहीं कह सकता है क्योंकि जन्नती फिरके की पहचान नहीं बताई है। यदि हम कहें कि सारे इमाम-मुल्ला-मौलवी सुन्नी व शिया मुसलमान दोजखी हैं तो गलत नहीं होगा।

कुरान केवल पुरानी किताबों की तफसील है

"यह किताब (कुरान) इस किस्म की नहीं कि खुदा के सिवाय कोई इसे अपनी तरफ से बना लावे, बल्कि जो किताबें (तौरात, इञ्जील जबूर आदि) इससे पहिले की हैं उनकी तस्दीक करती है और उन्हीं की तफसील (व्याख्या) है। इसमें सन्देह नहीं कि यह खुदा की उतारी हुई है।" कुरान पारा ११ सूरे यूनिस रकू ५ आ० ३७।

समीक्षा—इसमें खुले शब्दों में घोषणा की गई है कि कुरान में कोई नई बात या नया उपदेश नहीं दिया गया है बल्कि यह तो सिर्फ पुरानी किताबों की ही तफसील है। इससे कुरान की प्रतिष्ठा नष्ट होती है तथा पुरानी किताबों की इज्जत बढ़ जाती है। तो जब यदि कुरान न भी बनाया जाता तो भी कोई कमी नहीं आती। क्योंकि पुरानी किताबें पहिले ही से मौजूद थीं और बड़ी सरल भाषा में हैं जिन्हें हर कोई समझ सकता है। यही नहीं बल्कि इस कुरान में बहुत से ऐसे स्थल भी हैं जो पुरानी किताबों के खिलाफ हैं अनेक ऐसे भी हैं जो उनमें हैं और इसमें नहीं हैं। अनेक इसमें हैं और उनमें नहीं हैं। अतः यह कहना भी सही नहीं है कि कुरान पुरानी किताबों की तफसील है। तफसील में वह सभी कुछ होना चाहिए जो पुरानी किताबों में दिया है। उस विषय में 'कुरान की छानबीन' पुस्तक देखने योग्य है।

गुरु विरजानन्द दण्डी
सन्दर्भ पुस्तकालय
पु परिग्रहण क्रमांक 5328
दयानन्द महिला महा

जनवरी सन् १९८५ से चालू

बौद्धमत का भण्डाफोड़	३.००
हिन्दू मन्दिरों की लूट	१५.००
कुरान की छानबीन	१२.००
कुरान प्रकाश	७.००
गीता विवेचन	७.००
भागवत समीक्षा	७.००
बाइबिल दर्पण	६.००
कुरान पर १७६ प्रश्न	३.००
असत्य पर सत्य की विजय	५.५०
मौलवी हार गया	२.५०
ईश्वर सिद्धि	५.००
वैदिक यज्ञ विज्ञान	३.५०
जैन मत समीक्षा	५.००
मुनि समाज मुखमर्दन	४.५०
अवतार रहस्य	३.५०
मूर्ति पूजा खण्डन	४.५०
टोंक क शास्त्रार्थ	३.२५
माता पुत्री का सम्वाद	३.५०
भारतीय शिष्टाचार	२.५०
शिवलिंग पूजा क्यों ?	४.५०
अद्वैतवाद मीमांसा	३.००
प्रार्थना भजन भास्कर	३.५०
यजुर्वेद अ० ४० सव्याख्या	१.२०
यजुर्वेद अ० ३१ सव्याख्या	५.५०
वेद ही ईश्वरीय ज्ञान है	२.००
पुराण किसने बनाये ?	३.००
माधवाचार्य को डबल उत्तर	२.२५
तुलसी और शालिगराम	.५०
दुर्गा पर नर बलि	.६०
कुरान और अन्य मजहब	.८०
स्वर्ग विवेचन	.७५
हनुमान जी बन्दर नहीं थ	.६०
कुरान खुदाई कैसे	.६५
शैतान की कहानी	.५०
कुरान में परस्पर विरोधी स्थल	.३०
खुदा का रोजनामचा	.३०

डा० श्रीराम आर्य प्रणीत ग्रन्थ

पौराणिक मुख चपेटिका	.५०
पौराणिक गप्प दीपिका	१.५०
इस्लाम दर्शन	१.५०
कबीर मत गर्वमर्दन	१.५०
ब्रह्माकुमारी मत खण्डन	१.००
स.प्र. की छीछालेदर का उत्तर	२.००
महान पुरुष कैसे बनते हैं	३.५०
सव्याख्या विवाह पद्धति	४.२५
इस्लाम में नारी की दुर्गति	१.२५
कुरान में पुर्नजन्म	.८०
कुरान में विज्ञान विरुद्ध स्थल	.८०
चोटी ३० पैसे, जनेऊ ६० पैसे	
कुरान के विचारणीय स्थल	२.७५
पुराणों के कृष्ण	१.००
शिव जी के चार विलक्षण बेटे	१.००
मृतक श्राद्ध खण्डन	.७५
विभिन्न मतों में ईश्वर	.६५
गीता पर ४२ प्रश्न	.७५
शास्त्रार्थ के चेलेंज का उत्तर	१.००
पौराणिक कीर्तन पाखण्ड है	.७५
बाइबिल पर सप्रमाण ३१ प्रश्न	.५०
अर्थ सहित वैदिक संध्या	.७५
सनातन धर्म में नियोग व्यवस्था	.७५
नारी पर मजहबी अत्याचार	.५०
ईसामत का पोल खाता	.५०
नृसिंह अवतार वध	.३०
मेरठ का जंगली कुत्ता	४.००
अवतारवाद पर ३१ प्रश्न	.३०
ईसा मुक्तिदाता नहीं था	.३०
ईसा और मरियम	.३०
मूर्ति पूजा पर ३१ प्रश्न	.३०
ईसाई मत का पोलखाता	.३०
मतक श्राद्ध पर ३१ प्रश्न	.३०
तम्बाकू में विष,	.३०
अण्डा और मांस में विष	.३०

पता—वैदिक साहित्य प्रकाशन, कासगंज (एटा) उ० प्र० भारतवर्ष